(a) what is the total number of theft in Tamil Nadu Express in 1991-92 ;

(b) how many charge sheets were filed in Court; how many culprits were convicted, how many acquitted ;

(c) what steps have been taken to nab these thieves and preventive steps to theft in the midst of the night travel ; and

(d) whether police escorts are posted at the coaches to prevent these incidents ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI P. M. SAYEED) : (a) and (b) Information about train-wise number of thefts is not maintained by the Central Govt. Agencies.

(c) and (d) Registration, investigation, detection and prevention of crimes in Railways is the responsibility of the Government Railway Police (GRP) which function under the control of State Governments/Union Territory Administrations. It is for them to take appropriate steps for preventing of thefts in trains.

**रेलवे स्टेशनों में ठेकेदारों द्वारा मजदूरों का शोषण**

2973. **श्री सुब्रह्मण्यम् स्वामी :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि विभिन्न रेलवे माल गोदामों में ठेकेदारों द्वारा दिहाड़ी पर लदाई/उतराई का कार्य करने वाले मजदूरों का शोषण किया जाता है;

(ख) क्या सरकार को इस संबंध में रेलवे पल्लेदारों/मजदूरों की यूनियन से कोई मांगपत्र प्राप्त हुआ है;

(ग) क्या ठेकेदारों द्वारा मजदूरों को कुछ बुनियादी सुविधाएं दिए जाने को सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा कोई प्रयास किया गया है;

(घ) क्या इन अनियत मजदूरों की मदद करने के लिए कोई श्रमिक कानून बनाए गए हैं; और

(ङ) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ?

**रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० सी० लेंका) :** (क) और (ख) जी नहीं ।

(ग) से (ङ) रेलवे प्रशासनों और ठेकेदारों के बीच हुए ठेका करारों में यह सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त व्यवस्था की जाती है कि ठेकेदार संबंधित कानूनों यथा कर्मकार प्रतिकर अधिनियम, 1923 मजदूरी, संदाय अधिनियम 1936 नियोजन काल घंटे, ठेका श्रम (विनियमन और उत्सादन) अधिनियम, 1970 और औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 और समय-समय पर इनके अन्तर्गत बनाये गये अन्य अधिनियमों, सांविधिक नियमों के अंतर्गत अपेक्षित मूलभूत सुविधायें श्रमिकों को प्रदान करते हैं ।

**Running of Rajdhani Express, Madras**

2974. SHRI TINDIVANAM G. VENKATRAMAN :
J. S. RAJU :

Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether Government will consider to run Rajdhani Express, Madras twice a week ;

(b) whether Government are aware of the fact that the food supplied in Rajdhani Express is of very poor quality ;

(c) if so, what action has been taken to improve the standard of food served in Rajdhani Express ; and

(d) what arrangement the Government will take for transport of Rajdhani Express passengers since Taxis are not available at the time the train touches Delhi ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI K. C. LENKA) : (a) There is no such proposal at present.

(b) No such complaint has been received.

(c) Does not arise.

(d) Transport facilities such as pre-paid Taxi service, DTC buses and autorickshaws etc. are already available.

**इण्डियन रेलवे कंस्ट्रक्शन कम्पनी द्वारा रेल पथ संबंधी कार्य किया जाना**

2975. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इण्डियन रेलवे कंस्ट्रक्शन कम्पनी द्वारा किन-किन देशों में रेल पथ संबंधी कार्य किया जा रहा है ; और उसका ब्यौरा क्या है ;

(ख) इण्डियन रेलवे कंस्ट्रक्शन कम्पनी ने पिछले तीन वर्षों के दौरान किन-किन देशों में कार्य किया है और इसे उनसे कितनी-कितनी धनराशि किस-किस मुद्रा में प्राप्त हुई है; और

(ग) इण्डियन रेलवे कंस्ट्रक्शन कम्पनी की किन-किन देशों पर कितनी-कितनी धनराशि बकाया है और उसकी वसूली के लिए क्या प्रयास किए जा रहे हैं ?